संख्या - 80/48(2)/84-1-2014-11(शि)/13

प्रेषक,

धर्मचन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

टर्मिनल मैनेजर,
इण्डियन आयल कार्पोरेशन लि0,
इलाहाबाद टर्मिनल पोस्ट पीपलगांव,
सूबेदारगंज, इलाहाबाद।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 07 फरवरी, 2014

विषय कैलीब्रेशन प्रमाण-पत्रों की पुष्टि के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके विधिक माप विज्ञान विभाग, कानपुर को सम्बोधित पत्र संख्या-एएलडीटी@एडीडीएनएलटीटी, दिनांक 23.01.2012 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आपने कानपुर स्थित कार्यालय से निर्गत हुए कैलीब्रेशन प्रमाण-पत्रों की पुष्टि@सत्यापन करने का अनुरोध किया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र में संलग्न किये गये कैलीब्रेशन प्रमाण पत्रों में मेसर्स कन्हैया लाल गुप्ता पुत्र श्री हीरालाल गुप्ता, 213, झलवा, इलाहाबाद व अन्य के कैलीब्रेशन प्रमाण पत्र फर्जी पाये गये हैं। अत: शासन को यह अवगत कराने का कष्ट करें कि आप द्वारा उक्त पत्र विधिक माप विज्ञान विभाग, कानपुर के किस कार्यालय को भेजा गया है तथा पत्र साधारण/स्पीड पोस्ट/पंजीकृत किस प्रकार का भेजा गया है, यदि कोई साक्ष्य हो तो शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in